**भारत सरकार**
**सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या : 1505**
**उत्तर देने की तारीख : 13.02.2025**

**एमएसएमई के लिए क्लस्टरों का विकास**

**1505. श्री राधेश्याम राठिया:**

क्या **सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने देश में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के समग्र विकास के लिए क्लस्टर विकास दृष्टिकोण अपनाया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उक्त उद्देश्य के लिए स्थानों के चयन के लिए क्या मानदंड तय किए गए हैं;

(ग) छत्तीसगढ़ में प्रस्तावित एमएसएमई क्लस्टरों और कार्यात्मक क्लस्टरों का विवरण क्या है;

(घ) क्या सरकार का छत्तीसगढ़ के औद्योगिक रूप से पिछड़े जिलों, नामतः रायगढ़, जशपुर और कुनकुरी में ऐसे क्लस्टर स्थापित करने का प्रस्ताव है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके कारण हैं?

**उत्तर**
**सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम राज्य मंत्री**
**(सुश्री शोभा करांदलाजे)**

(क) और (ख): एमएसएमई मंत्रालय देश भर में सूक्ष्म और लघु उद्यम क्लस्टर विकास कार्यक्रम (एमएसई-सीडीपी) का कार्यान्वयन कर रहा है। इस योजना का उद्देश्य मौजूदा क्लस्टरों में सामान्य सुविधा केंद्र (सीएफसी) स्थापित करने और नए/मौजूदा औद्योगिक संपदाओं/क्षेत्रों/फ्लैटेड फैक्ट्री परिसरों में बुनियादी ढांचा संबंधी सुविधाओं की स्थापना/उन्नयन करने के लिए भारत सरकार के अनुदान के रूप में वित्तीय सहायता प्रदान करके क्लस्टर विकास दृष्टिकोण को अपनाते हुए सूक्ष्म और लघु उद्यमों (एमएसई) के समग्र विकास के लिए उनकी उत्पादकता और प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाना है। यह केंद्रीय क्षेत्र की योजना है और इस योजना के तहत राज्य/संघ-राज्य क्षेत्रों में मौजूदा क्लस्टर की सामान्य आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए राज्य/संघ-राज्य क्षेत्रों की सरकारों से प्रस्ताव प्राप्त किए जाते हैं।
(ग): छत्तीसगढ़ में योजनाओं की प्रगति नीचे संलग्न है:

| सामान्य सुविधा केंद्र (सीएफसी) | | | बुनियादी ढांचा विकास(आईडी) परियोजनाएं | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अनुमोदित | चल रही | पूर्ण किए गए | अनुमोदित | चल रही | पूर्ण किए गए |
| - | - | - | 09 | - | 09 |

(घ) और (ड.): एमएसई-सीडीपी मांग आधारित योजना है। एमएसई-सीडीपी के तहत औद्योगिक रूप से पिछड़ा जिला रायगढ़ में नए औद्योगिक सम्पदा, सियारपाली में केवल एक अवसंरचना विकास (आईडी) परियोजना को अनुमोदित किया गया, जिसे पूरा किया जा चुका है।

*****